राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री बागडे ने सीमांत क्षेत्र गोडू के पीएमश्री विद्यालय में विद्यार्थियों से किया संवाद

राज्यपाल ने कहा, विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाने पर कार्य हो

राज्यपाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

जयपुर/बीकानेर, 28 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने बुधवार को बीकानेर जिले के सीमांत क्षेत्र के गांव गोडू के पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों से संवाद किया।

राज्यपाल श्री बागडे ने इस दौरान बच्चों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाने के लिए प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को पाठयपुस्तकों सहित अन्य ज्ञानवर्धक पुस्तकें भी पढ़ने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चे पूर्ण आत्मविश्वास के साथ परीक्षाएं दें और सकारात्मकता के साथ अच्छे अंक हासिल करें। उन्होंने शिक्षकों को विद्यालय स्तर पर स्पर्धा परीक्षाएं आयोजित करवाने के लिए भी निर्देश दिए।

राज्यपाल ने बच्चों को खेल गतिविधियों में भाग लेने और सूर्य नमस्कार सहित अन्य व्यायाम करने की सीख दी। उन्होंने कहा कि इससे शरीर मजबूत होगा और आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने अभिभावकों का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को पढ़ाई के अधिक से अधिक अवसर दें, जिससे बच्चों का भविष्य बेहतर हो और वे अपने गांव तथा शहर का नाम रोशन कर सकें।

इस दौरान उन्होंने कक्षा कक्षों का अवलोकन किया और राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में चयनित स्कूल के विद्यार्थियों से मुलाकात की।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने गोडू के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने महिला वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत कर अस्पताल की सुविधाओं की जानकारी भी ली। राज्यपाल ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, लैब और दवा केंद्र का निरीक्षण किया और निशुल्क दवा, जांच सहित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन का फीडबैक लिया।

आपका हार्दिक स्वागत करता है।